

नवभारत
इंदौर, रविवार, 24 मई 2026


## एक नजर में

### कृति का चित्रकला प्रशिक्षण शिविर 1 से

**नीमच।** नगर की प्रसिद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था 'कृति' लेकर आई है बच्चों की रचनात्मकता को नए पंख देने के लिए शानदार चित्रकला प्रशिक्षण शिविर, वे बच्चों जिन्हें रंगों से खेलना और अपनी कल्पनाओं को कागज़ पर उतारना पसंद है, तो यह शिविर उनके लिए ही है। शिविर 01 जून से 07 जून तके प्रतिदिन प्रात: 8 :00 बजे से 10 :00 बजे तके प्रज्ञा माध्यमिक विद्यालय गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित किया जाएगा। शिविर में कक्षा 5 और उससे ऊपर के सभी बालक/बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। कृति के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने सभी अभिभावकों व चित्रकला प्रेमी परिजनों से अनुरोध किया है कि इन छुट्टियों में अपने बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें इस शिविर का हिस्सा जरूर बनाएं। कृति के सचिव रघुनन्दन पाराशर ने बताया कि स्थान सीमित हैं, इसलिए शीघ्र ही अपने बच्चे का नाम दर्ज कराएं!

### खेत पर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**मनासा।** थाना क्षेत्र के गांव बर्डिया कैंट में एक युवक द्वारा खेत पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीरज पिता अर्जुन, जाति बांछड़ा, उम्र करीब 40 वर्ष निवासी बर्डिया कैंट ने अपने खेत पर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि मामला बोरखड़ी से जुड़ा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मनासा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

### गारमेंट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजन होंगे कई कार्यक्रम

**नीमच।** नीमच रेडीमेड गारमेंट्स व्यापारी एसोसिएशन के तत्वाधान में आज 24 मई रविवार को नीमच के रोटरी सामुदायिक भवन पर सायं 6 :30 बजे से रेडीमेड गारमेंट्स एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए अध्यक्ष संतोष प्रेमानी, सचिव मुकेश बाहेती,कोषाध्याय पुरुषोत्तम गर्ग ने बताया कि व्यवसायिक विकास प्रशिक्षण व साधारण सभा का एक भव्य आयोजन किया जाएगा साथी सदस्यों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं सभी वर्ग के लिए रखी गई और आयोजन के दौरान लगभग 25 हजार रूपए के पांच लक्की ड्रा सदस्यों के लिए आयोजन स्थल पर निकालें जाएंगे। मुकेश बाहेती ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा श्री खाटू श्यामजी की यात्रा का आयोजन भी सदस्यों के लिए किया जा रहा है जो कि दिनांक 6 एवं 7 जून को बस द्वारा निकाली जा रही है जिसका उद्देश्य है कि देश में आ रही ईंधन संकट में हम अपना योगदान दे पाए।

### इनरव्हील क्लब को मिले ढेरों अवार्ड



**नीमच।** प्रतिवर्ष वर्ष भर की गतिविधियों के लिए इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट द्वारा क्लबों को अवार्ड प्रदान किए जाते हैं। इस कड़ी में इनरव्हील क्लब को उनके द्वारा किए गए समाजसेवी कार्यो के लिए विभिन्न अवॉर्डों से सम्मानित किया गया। दिनांक 22 मई 2026 को होटल सायाजी इंदौर में डिस्ट्रिक्ट 304 की अवार्ड सेरेमनी का आयोजन अंतरराष्ट्रीय इनरव्हील कमेटी की वाइस प्रेसिडेंट सरिता लूनानी एवं एसोसिएशन चेयरमैन (26-27) विनूथा हरीश के आतिथ्य में आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में डिस्ट्रिक्ट 304 के पदाधिकारी एवं 50 क्लबों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ओलिवर गोल्डी के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम संयोजक शशि शुक्ला द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं ने इनरव्हील क्लब को सेवा का क्लब बताते हुए डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न क्लबों के द्वारा किए गए सेवा प्रकल्पों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह ने सभी क्लबों द्वारा किए गए सेवा प्रकल्पों की विस्तार से जानकारी प्रदान कर उन्हें सराहा। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब नीमच को 19 अवार्डों से नवाजा गया जिनमें अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा को लीडरशिप इंस्पिरेशन अवार्ड द पावरफुल परफॉर्मेंस अवार्ड से नवाजा गया। संस्था की पी.डी.सी., सी.सी.सी. चेयरमैन संगीता जोशी को रैली शंखनाद के सफल आयोजन के लिए सफल संयोजक अवार्ड प्राप्त हुआ। डॉ. माधुरी चौरसिया द्वारा सत्येंद्र सिंह राठौर के सहयोग से पूरे मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में थैलेसीमिया जांच शिविर लगवाए इस हेतु उन्हें थैलेसीमिया जागरूकता अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। सचिव प्रेरणा शर्मा को बेस्ट सेक्रेटरी, रिपोर्टिंग जेम अवार्ड से सम्मानित किया गया पूर्व अध्यक्ष हेमांगिनी त्रिवेदी को बेस्ट एडिटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। बेस्ट ट्रेजरार का अवार्ड कोषाध्यक्ष अलका चड्ढा को मिला। पिलर आफ ट्रस्ट अवार्ड शारदा तौर को मिला। सिम्मी सलूजा, लक्की ड्रा विनर रही। क्लब को विभिन्न समाज सेवी प्रोजेक्ट वॉटर सैनिटेशन, साड़ी से स्वाभिमान तक, हैप्पी स्कूल, स्टेटस ऑफ वूमेन हेल्प फॉर सीनियर सिटीजन वर्क एवं ऑरेंज वर्ल्ड केम्पेन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा यह सम्मान सेवा समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य का सम्मान है इस अवसर पर उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों का आभार माना।

# थाने पर हो सायबर क्राइम मामलों का निराकरण

- पुलिस थानों में की गई सायबर हेल्प डेस्क की स्थापना, दिया प्रशिक्षण



**नीमच।** जिले में बढ़ते सायबर अपराधों की रोकथाम के लिए जिला नीमच में लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। सायबर अपराधों की शिकायतों में पीड़ित-आवेदक को थानें पर ही उचित समाधान मिल सके। उसे इधर-उधर न भटकना पड़े, इसी बात को ध्यान में रखते हुए, पुलिस थानों में सायबर अपराधों के लिये दक्ष पुलिसकर्मी हो, इसके लिए पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा जिलें के पुलिस थानों में सायबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। सायबर हेल्प डेस्क हेतु प्रशिक्षण की विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है।

पुलिस थानों में सायबर हेल्प डेस्क के लिए शनिवार को पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास की उपस्थिति में जिलें के प्रत्येक पुलिस थानें से 03-03 आरक्षक व प्रधान आरक्षक स्तर के करीब 30 पुलिस कर्मियों के लिये एक दिवसीय विशेष सायबर प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर किया गया।

उक्त प्रशिक्षण में पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास सहित सायबर सेल जिला नीमच के कर्मचारियों द्वारा सायबर अपराधों व विभिन्न फ्रॉड के निदान हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए, उसका किस प्रकार बेहतर उपयोग कर, थाने में सायबर अपराधों की शिकायत लेकर आने वाले पीड़ितों की मदद किस तरह करें कि, उनकी समस्या का निदान जल्द से जल्द हो सके बताते हुए, सायबर क्राइम हो जाने पर पीड़ित के थाने आने पर किस प्रकार उसकी शिकायत जल्द से जल्द 1930 व सायबर क्राइम पोर्टल cybercrime.gov.in पर दर्ज करना है, जिससे उसकों त्वरित समाधान दिलाया जा सके। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में पुलिस कर्मियो को भारत सरकार के विभिन्न पोर्टल NCRP, SANCHAR SATHI, SAMANVAY, CEIR, CYBER POLICE PORTAL आदि विभिन्न पोर्टल की कार्यप्रणाली की जानकारी दी और इनका बेहतर उपयोग कर, कैसे पीड़ितों को त्वरित समाधान दिलाया जाए तथा अपराधों की विवेचना में इनका किस प्रकार बेहतर उपयोग कर अनुसंधान को और सशक्त बनाया जाए इस संबंध में सभी को प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रेक्टिकली बताया और इनकी शिकायतों पर किन माध्यमों से क्या कार्यवाही करना है और किन बातों का ध्यान रखना है, इसका भी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा प्रशिक्षण में सम्मिलित कर्मचारियों को साइबर अपराधों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिये सायबर हेल्प डेस्क के पुलिसकर्मी तकनीकी रूप से दक्ष होकर कार्यवाही कर सके, यही हमारा विजन है। इसी को ध्यान मे रखते हुए आप सभी को ये ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि आप इन पोर्टल का बेहतर उपयोग कर, उसका अपने थानों पर प्रभावी कार्यवाही करें व कोई भी पीड़ित किसी भी प्रकार की सायबर अपराधों की शिकायत लेकर आता है तो उस पर बताई गयी उचित कार्यवाही करें, जरूरत पड़े तो सायबर सेल से संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त करें, बस हमारा ये ही ध्येय हो कि पीड़ित को हम त्वरित समाधान दिला सके।



## प्रशासनिक टीम ने किया पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों का निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं की ली जानकारी

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव के निर्देशन में गठित समिति ने शनिवार को जिले के पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल में जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. मांगरिया, जिला संयोजक अनु. जाति कल्याण राकेश राठौर एवं डीपीसी दिलीप व्यास शामिल थे। निरीक्षण किए गए छात्रावास: समिति सदस्यों ने पोस्ट मैट्रिक अनु. जाति कन्या छात्रावास, नीमच सिटी रोड पोस्ट मैट्रिक अनु. जाति कॉलेज रोड छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक महाविद्यालय छात्रावास, पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, भेलियावास का निरीक्षण किया। समिति द्वारा छात्रावासों में पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, भोजन की गुणवत्ता, प्रत्येक कक्ष में सीलिंग फेन की उपलब्धता एवं समग्र स्वच्छता का विस्तृत निरीक्षण किया गया। व्यवस्थाओं में सुधार हेतु छात्रावास अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए गए। भीषण गर्मी के दृष्टिगत समिति ने निर्देशित किया कि समस्त छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के लिए पर्याप्त संख्या में कूलर की व्यवस्था तत्काल की जाए, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान समिति ने उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक एवं आवासीय समस्याओं की जानकारी ली तथा निराकरण हेतु संबंधितों को निर्देशित किया।

## तीन दिन से खुला पड़ा गहरा गड्ढा, बन रहा हादसों की वजह

**अठाना।** नगर परिषद की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। नगर के मध्य स्थित मुख्य सडक़ मार्ग पर पाइपलाइन मरम्मत के लिए लगभग तीन दिन पूर्व खोदा गया बड़ा गहरा गड्ढा आज भी खुला पड़ा है। मरम्मत कार्य अधूरा होने के बावजूद न तो गड्ढे के आसपास सुरक्षा के कोई पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं और न ही यातायात को अन्य मार्ग पर मोडऩे के लिए कोई संकेतक लगाए गए हैं। ऐसे में दिनभर व्यस्त रहने वाले इस मार्ग पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



**अनुभवहीन कर्मचारी कर रहे कार्य:** नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद कार्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित इस गड्ढे की ओर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं जाना आश्चर्यजनक है। रात्रि के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। पर्याप्त चेतावनी संकेत अथवा प्रकाश व्यवस्था के अभाव में वाहन चालक एवं राहगीर सीधे खतरे के मुहाने पर पहुंच जाते हैं। नागरिकों का आरोप है कि परिषद शायद किसी बड़ी दुर्घटना या जनहानि के बाद ही जागेगी। जानकारी के अनुसार पाइपलाइन मरम्मत कार्य के लिए कोई प्रशिक्षित मिस्त्री अथवा तकनीकी कर्मचारी मौके पर उपलब्ध नहीं है। केवल दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के भरोसे कार्य कराया जा रहा है। बताया जा रहा है इन कर्मचारियों के पास इस प्रकार के कार्य का पर्याप्त अनुभव नहीं है। परिणाम स्वरूप मरम्मत कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। तीसरे दिन भी कार्य पूरा नहीं हो सका है।

**हादसा रोकने किए जाएं इंतजाम:** नगरवासियों में इस लापरवाही को लेकर भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर बार-बार शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे में अब लोग शिकायत करना भी छोड़ चुके हैं। नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने मांग की है कि पाइपलाइन मरम्मत कार्य को तत्काल पूरा कर सडक़ को पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए। साथ ही जब तक कार्य पूर्ण नहीं हो, तब तक सुरक्षा बैरिकेड्स, रिफ्लेक्टर, चेतावनी बोर्ड एवं यातायात डायवर्जन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी निर्दोष नागरिक की जान जोखिम में न पड़े। नगरवासियों का कहना है कि विकास कार्यों का उद्देश्य जनता को सुविधा देना होता है। यदि कार्यों में लापरवाही बरती जाए तो वही विकास कार्य आमजन के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं।

## नीमच में गर्मी से बचाव के लिए मजदूरों और अन्य लोगों को बांटी टोपियां

**नीमच।** भीषण गर्मी को देखते हुए भारत विकास परिषद सुभाष शाखा परिवार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद मजदूर भाइयों के लिए 200 केप (कैप) वितरण का सेवा कार्य संपन्न किया गया। परिषद परिवार द्वारा आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में श्रमिकों को गर्मी से राहत प्रदान करने का प्रयास किया गया।




परिषद के अध्यक्ष मनीष गर्ग, सचिव प्रमोद मालू, कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, पूर्व अध्यक्ष ललित राठी सुनील खंडेलवाल, दीपक बाहेती, संतोष बंसल, मुकेश पाटीदार, रविंद्र पाटीदार, सुरेश चंद्र शर्मा, लव खंडेलवाल, उपाध्यक्ष राकेश खंडेलवाल, अरविंद ढींगरा, सह महिला प्रमुख गौरी खंडेलवाल, डॉ. स्वीटी खंडेलवाल एवं संस्कार प्रमुख पूनम गर्ग सहित परिषद परिवार के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सेवा कार्य में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों के प्रति परिषद परिवार ने आभार व्यक्त किया।

## त्योहारों के मद्देनजर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**कुकड़ेश्वर।** त्योहारों पर क्षेत्र में शांति, आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण शांति समिति की शाम 6 :30 बजे बैठक की गई। प्रशासनिक अधिकारी नायब तहसीलदार नवीन सनोत्रे, टीआई भीम सिंह सिसोदिया, नगर पालिका के प्रतिनिधि रमेश मोदी ,विद्युत विभाग के सुपरवाइजर नितिन ऊईके, मीटिंग में उपस्थित थे

तहसीलदार और टीआई द्वारा आम नागरिकों से आगामी त्योहारों, विशेषकर बकरा ईद और गुरु पूर्णिमा को लेकर व्यापक चर्चा की और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाएं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और बिजली-पानी की सुचारू आपूर्ति को लेकर भी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग के सुपरवाइजर को त्योहारों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा नगर परिषद के प्रतिनिधियों को नगर में साफ-सफाई और पेयजल की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर में आयोजित इस बैठक में प्रशासन, पुलिस और नगर के प्रबुद्ध जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य रूप से नायब तहसीलदार थाना प्रभारी (टीआई) नगर पालिका/परिषद के प्रतिनिधि विद्युत विभाग के सुपरवाइजर स्थानीय पत्रकार भंवरलाल मांडीवाल, राजू पटेल ,प्रकाश जैन ,गोपाल दास बैरागी और अन्य मौजूद रहे।






प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

स्वच्छ इन्दौर, स्वस्थ इन्दौर

प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, इन्दौर

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं...!
स्वयं के पक्के घर का सपना पूरा करें

1 BHK फ्लैट्स मात्र 9 लाख में
नीलगिरि परिसर
नेमावर रोड़
RERA NO. P-IND-20-2814
64 फ्लेट्स शेष

1 BHK फ्लैट्स मात्र 13.50 लाख में
सतपुड़ा परिसर
सुपर कॉरिडोर
RERA NO. P-IND-18-1748

- प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़कर करोड़ों लोगों ने अपने पक्के घर का सपना पूरा किया हैं।
- आप भी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से जुड़कर अपने घर का सपना पूरा कर सकते हैं।

INDORE 311 APP डाउनलोड करें

आवश्यक दस्तावेजों के साथ घर बैठे आनलाइन इन्दौर 311 एप से बुकिंग करें

आवश्यक दस्तावेज : आधार कार्ड, पेन कार्ड, समग्र आई.डी., बैंक पासबुक/ केंसिल चैक, शपथ पत्र,पासपोर्ट साईज फोटो के साथ

आवेदन केवल 311 एप के माध्यम से | बुकिंग प्रारम्भ 22 मई 2026, सुबह 11 बजे से

जल्दी करें कुछ ही फ्लैट शेष!
आज ही पंजीयन कर अपने घर का सपना पूरा करें

RERA APPROVED RERA
होम लोन सुविधा उपलब्ध है!
1 BHK पर रजिस्ट्री फ्री



संपर्क करें : 116, पालिका प्लाज़ा, फेज-2, एम.टी.एच. कम्पाउंड, इंदौर
फोन : 7440444817, 0731-4973520


**एक नजर** | **त्योहारों से पहले प्रशासन अलर्ट, शांति समिति बैठक**

# केबल चोरों और अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा

**जीरन। आगामी त्योहारों को आपसी सद्भाव, शांति और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाने तथा नगर की यातायात व कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से स्थानीय थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार श्रुति भयडिया की अध्यक्षता व मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने त्योहारों की तैयारियों के साथ-साथ नगर की सुलगती समस्याओं पर भी खुलकर मंथन किया।**

बैठक में आगामी दिनों में आने वाले विभिन्न समुदायों के पर्वों को लेकर सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के कड़े इंतजाम करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से शत्रुघ्न चतुर्वेदी (नायब तहसीलदार), विकास डावर (सीएमओ, नगर परिषद), उमेश यादव (थाना प्रभारी, जीरन), राहुल वर्मा (कनिष्ठयंत्री, विद्युत विभाग), रामकरण सगवारिया (अध्यक्ष, नगर परिषद) उपस्थित रहे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्वों के दौरान बिजली, पानी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से उर्स शरीफ 24 और 25 मई (जीरन कस्बा), ईद-उल-जुहा (ईद) 28 मई, महाराणा प्रताप जयंती 28 मई, मुहर्रम पर्व 26 जून (आगामी माह) मनाए जाने को लेकर चर्चा हुई। अधिकारियों ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे हमेशा की तरह जीरन की आपसी सद्भाव की परंपरा को बनाए रखते हुए सभी पर्वों को मिलजुल कर और शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।



**अधिकारी बोले : बर्दाश्त नहीं होगा अतिक्रमण**

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उमेश यादव और सीएमओ विकास डावर ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अतिक्रमण करने वालों पर अब कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों को अपनी सीमा के भीतर ही व्यवसाय करने के लिए पाबंद किया जाएगा। साथ ही, यातायात को सुचारू रखने के लिए मुख्य मार्गों पर विशेष पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह भाटी, पार्षद यशवंत सगवारिया, दिलीप सुथार, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र मुकाती, शांतिलाल तूफान, कुंदन शर्मा सहित दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक, विभिन्न समाजों के पदाधिकारी और पत्रकार बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**केबल चोरी और यातायात पर तीखे सवाल:** शांति समिति की बैठक में केवल त्योहारों पर ही बात नहीं हुई, बल्कि नगर की ज्वलंत समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया, जिस पर अधिकारियों ने त्वरित और सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। पूर्व मंडल अध्यक्ष मधुसूदन राजोरा ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही केबल चोरी की घटनाओं पर गहरा रोष जताया। उन्होंने किसानों और आमजन को हो रहे नुकसान का हवाला देते हुए चोरों की धरपकड़ के लिए पुलिस से ठोस और सख्त कार्रवाई की मांग की। पत्रकार राजेश लक्षकार और दुर्गाशंकर (लाला) भट्ट ने नगर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड पर फल-फ्रूट और सब्जी के ठेले वाले आधी सड़क घेरकर खड़े होते हैं। वाटर कूलर के सामने हो रहे अतिक्रमण के कारण आम रास्ता पूरी तरह बाधित हो रहा है। बस स्टैंड से लेकर मेरावत मंदिर और प्रतापगढ़ दरवाजा तक के संकरे मार्ग पर लोग सड़क किनारे ही अपने वाहन और कृषि उपकरण (ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि) खड़े कर देते हैं, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।